# हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा

## राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियां

**सत्र 2021–22**

2021–22 सत्र में 02.10.2021 को महात्मा गाँधी हॉस्पीटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा के तीनो इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15.11.2021 को जनजातीय गौरव सप्ताह के अन्तर्गत बिरसा मुंडा जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें वागड़ की लोक संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुति की गई। महान स्वतंत्रता सेनानी, जननायक, उलगुलान क्रान्तिवीर, धरती आबा भगवान बिरसा मुडा की जयन्ती पर खेमराज डिण्डोर एवं अखिल डिण्डोर ग्रुप नापला बांसवाड़ा द्वारा गैर नृत्य, घुकरा नाच एवं लोक वाद्य यंत्र की प्रस्तुति की गई कार्यक्रम के अध्यक्ष माननीय कुलपति प्रोफेसर आई.वी. त्रिवेदी, विशिष्ट अतिथि डॉ. महिपाल सिंह राव एवं निदेशक वेद विद्यापीठ, डॉ. दिनेशचन्द्र भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सुश्री मालिनी काले निदेशक अभिनव संगीत संस्थान रहे। आरंभ में प्राचार्य डॉ. सरला पण्ड्या ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमोद कुमार वैष्णव ने बिरसा मुण्डा के जीवन वृत्त को प्रस्तुत करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने अपने जनजातीय संस्कृति, जल, जंगल और जमीन की रक्षार्थ अंग्रेजों से लोहा लिया और अंग्रेजी छावनियों पर आक्रमण कर कई बार उन्हें खदेड़ा। धर्मान्तरण के विरूद्ध आवाज उठाई और छापामार युद्ध प्रणाली से अंग्रेजों पर आघात करते रहे। 25 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने क्रातिकारी एवं लोकनायक का जीवन जिया। दिनांक 12.11.2021 व 24.11.2021 को वोटर रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन जिला निर्वाचन कार्यालय (स्वीप) के सहयोग से किया गया। 24.11.2021 को कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन एम.जी. हॉस्पीटल के सहयोग से किया गया जिसमें 250 छात्राओं को टीका लगवाया गया। 30.03.2022 को ब्लड ग्रुप टेस्ट 250 छात्राओं का किया गया जिसमें एम. जी. हॉस्पीटल का सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त बिरसा मुन्डा जयंती, तेजाजी जयंती, स्वर साम्राज्ञी लताजी की श्रद्धांजलि सभा इत्यादि का आयोजन कर विद्यार्थियो को जागरूक किया गया। एक दिवसीय कैम्प के आयोजन के साथ 07.02.2022 को खेल मंत्रालय भारत सरकार के आह्वान के अनुसार सूर्य नमस्कार शिविर का आयोजन किया गया।

SARLA PANDYA

Digitally signed by SARLA PANDYA
Date: 2023.09.13 19:34:14 +05'30'

















# हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा

## राष्ट्रोय सेवा योजना गतिविधियां

**सत्र 2020—21**

सत्र 2020—21 में कोरोना महामारी के कारण सामुहिक रूप से कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया गया। ऑनलाईन के माध्यम से स्वयंसेवकों से सम्पर्क कर उन्हें सामाजिक कार्यो में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही स्वयंसेवकों ने महामारी की भीषण दौर में मास्क वितरण कर तथा रोगीयों को अस्पताल पहोंचा कर समाज सेवा का कार्य सम्पन्न किया।



SARLA PANDYA

Digitally signed by SARLA PANDYA
Date: 2023.09.13 19:34:30 +05'30'

# <u>हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा</u>

## <u>राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियां</u>


### सत्र 2019–20

सत्र 2019–20 में हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा के तीनो इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 11.07.2019 को विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बढ़ती हुई जनसंख्या एवं उसके रोकथाम के उपाय विषय पर विस्तृत वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों को समाज में जनसंख्या नियंत्रण के उपाय बताने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही समाज में बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण आनेवाली समस्याओं के निवारण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिये। दिनांक 09.08.2019 को विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनजातीय संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने हेतु जनजाति समुदाय को प्रेरित करने हेतु एवं जल, जंगल एवं जमीन की सुरक्षा हेतु स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। दिनांक 20.08.2019 को राष्ट्रीय सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। दिनांक 24.09.2019 को NSS स्थापना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्रदान कि गई। स्वयंसेवको को स्वयं, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझाते हुए एक योग्य नागरिक की भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उसी दिन स्वयंसेवकों क द्वारा रक्तदान भी किया गया। दिनांक 02.10.2019 को महात्मा गांधी एवं शास्त्री जयन्ती का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया तथा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी की भूमिका विषय पर व्याख्यान भी आयोजित किया गया। दिनांक 11.11.2019 को मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद की जयन्ती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में आयाजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों को आज़ादी के बाद से भारतीय शिक्षा की विकास यात्रा को स्वयं सेवकों के सामने विस्तार से बताया गया। दिनांक 26.11.2019 को भारतीय संविधान दिवस मनाया गया, जिसमें डॉ. सर्वजीत दूबे ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जननायकों का परिचय देते हुए भारतीय संविधान के निर्माण में लगनेवाले समय विभिन्न देशों के संविधानों की किन अंशों को ग्रहित किया गया है। भारतीय संविधान के अनुसूचियों एवं भारतीय संविधान म समय–समय पर किये गए संशोधनों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। दिनांक 02.12.2019 को विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महात्मा गांधी चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. जिमश पण्ड्या द्वारा एड्स के कारण एवं निवारण विषय पर व्याख्यान देकर स्वयंसेवकों एड्स की महामारी से बचाव के उपाय बताये। दिनांक 10.12.2019 को मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मानव मात्र के लिये प्रदत्त अधिकारों के विषय में चर्चा की गई। दिनांक 25.01.2020 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों को मतदान की शपथ दिलाई गई, 18 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक स्वयंसेवक को मतदाता पहचान पत्र बनाकर जागरूक मतदाता के रूप में सहयोग करने का आह्वान किया। दिनांक 28.02.2020 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया एवं

SARLA PANDYA
Digitally signed by SARLA PANDYA
Date: 2023.09.13 19:34:46 +05'30'

दिनांक 08.03.2020 को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के अधिकारों के विषय में डॉ. शिप्रा राठौड़ द्वारा व्याख्यान दिया गया।











SARLA PANDYA

Digitally signed by SARLA PANDYA
Date: 2023.09.13 19:35:01 +05'30'





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पुण्यतिथि दिनांक 30/1





दैनिक भास्कर बांसवाड़ा, गुरुवार, 26 दिसंबर, 2019 | 16

## छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा और कराटे के गुरु, ध्यान का प्रशिक्षण भी मिला



बांसवाड़ा. कन्या महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा और कराटे के गुर सिखाए, साथ ही ध्यान का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान छात्राओं, प्रशिक्षक, कार्यक्रम अधिकारी और प्राचार्य सर्वजीत दुबे ने अपने अनुभव सांझा किए।

SARLA PANDYA Digitally signed by SARLA PANDYA Date: 2023.09.13 19:35:17 +05'30'

# हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा

## राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियां

**सत्र 2018–19**

सत्र 2018–19 में हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा के तीनो इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15.08.2018 को स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत करते हुए देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति प्रदान की। 31.10.2028 को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें ''रन फॉर नेशन'' के अन्तर्गत महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने कुशलबाग से स्टेडियम तक 'एकता दौड' में भाग लिया। दिनांक 12.11.2018 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय शिक्षा निति के विषय पर डॉ. सर्वजीत दूबे ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। दिनांक 18.11.2018 को महाविद्यालय परिसर में हरित राजस्थान के अन्तर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने फलदार पौधे जैसे आम, जामुन, कटहल, अमरूद, सीताफल आदि वृक्षारोपण किया। दिनांक 19.11.2028 से 25.11.2018 तक कोमी एकता सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने शहर में रली निकाल कर कोमी एकता का जनजागरण कार्य किया। इस सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के साहित्यक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। दिनांक 26.11.2018 को संविधान दिवस मनाया गया, जिसमें डॉ. सर्वजीत दूबे ने भारतीय संविधान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संविधान में प्रदत अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराया और भारतीय संविधान के प्रति अटूट आस्था रखते हुए उसके नियमों के पालन की शपथ दिलाई। दिनांक 05. 12.2018 को मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया, जिसमें स्वयंसेवकों को मतदान की शपथ दिलाई गई, 18 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक स्वयंसेवक को मतदाता पहचान पत्र बनाकर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु जागरूक मतदाता के रूप में सहयोग करने का आह्वान किया।

दिनांक 01.12.2018 का विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महात्मा गांधी चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. मयंक शर्मा द्वारा एड्स के कारण एवं निवारण विषय पर व्याख्यान देकर स्वयंसेवकों एड्स की महामारी से बचाव के उपाय बताये। दिनांक 12.01.2019 से 19.01. 2019 तक युवा सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों में स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा स्वामीविवेकानंद के जीवन आदर्शो के पथ पर चलकर एक समर्पित नागरिक की भूमिका का निर्वहन करने का निश्चय किया।

SARLA PANDYA

Digitally signed by SARLA PANDYA
Date: 2023.09.13 19:35:34 +05'30'


राष्ट्रीय सेवा योजना
Vishal Kalakendra


राष्ट्रीय सेवा योजना
Vishal Kalakendra


Vishal Kalakendra


राष्ट्रीय सेवा योजना
Vishal Kalakendra


Vishal Kalakendra
Banswara




Vishal Kalakendra
Banswara


Vishal Kalakendra


Vishal Kalakendra
Banswara


Vishal Kalakendra
Banswara


जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
बाँसवाड़ा
राष्ट्रीय सेवा योजना
Vishal Kalakendra
Banswara


महाविद्यालय
बाँसवाड़ा
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
Vishal Kalakendra
Banswara

# हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा

## राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियां

**सत्र 2017–18**

सत्र 2017–18 में हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा के तीनो इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में 05.08.2017 को आमुखीकरण कायशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य ने की, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा भारद्वाज ने विषय का प्रतिपादन किया वह NSS द्वारा उत्पन्न होने वाली सेवा भाव की सार्थक अभिव्यंजना की। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण भारत वर्ष में स्कूल एवं महाविद्यालय स्तर पर NSS की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। राजस्थान में 950 NSS इकाई संचालित है, जिसमें लगभग 2 लाख स्वयंसेवक सेवा काय कर रहे हैं। उन्होंने वर्ष प्रयन्त संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं शिविरों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। NSS प्रभारी डॉत्र आशिष कुमार ने सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

दिनांक 15.08.2017 को स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत करते हुए देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति प्रदान की। दिनांक 14.09.2017 को विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवको नें कविता पाठ, वादविवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं आशुभाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। 30.10.2017 को एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा भारत के विभिन्नता में एकता विषय को लेकर विभिन्न प्रान्तों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियां की गई। दिनांक 02.12.2017 को विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महात्मा गांधी चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. रवि उपाध्याय द्वारा एड्स के कारण एवं निवारण विषय पर व्याख्यान देकर स्वयंसेवकों एड्स की महामारी से बचाव के उपाय बताये। दिनांक 30.01.2018 को शहीद दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें देश के नाम अनाम उत्सर्ग हुए शहिदों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए दो मिनिट का मौन रखा गया। सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेविकाओं को प्रतिदिन आत्मरक्षा एवं योगा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

SARLA PANDYA
Digitally signed by SARLA PANDYA
Date: 2023.09.13 19:35:51 +05'30'











